# Bihar Board Class 8 Social Science Geography Solutions Chapter 4 परिवहन

प्रश्न 1.
भारत में कौन परिवहन साधन सबसे अधिक उपयोग में आता है ?
(क) वायु परिवहन
(ख) जल परिवहन
(ग) सड़क परिवहन
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-
(ग) सड़क परिवहन

प्रश्न 2.
स्वर्णिम चतुर्भुज योजना किसके अन्तर्गत आता है ?
(क) वायु परिवहन
(ख) सड़क परिवहन
(ग) जल परिवहन
(घ) उपर्युक्त सभी में
उत्तर-
(ख) सड़क परिवहन

प्रश्न 3.
राष्ट्रीय राजमार्ग की देख-रेख कौन-सा विभाग करता है?
(क) लोक निर्माण विभाग
(ख) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-
(ख) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

प्रश्न 4.
सीमा सड़क संगठन क्या है ?
(क) सीमावर्ती सड़कों की देख-रेख करने वाली संस्था
(ख) सीमा पर लोगों की देख-रेख करने वाली संस्था
(ग) सीमा के पार स्थित सड़कों की देखभाल करने वाली संस्था
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-
(ख) सीमा पर लोगों की देख-रेख करने वाली संस्था


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 5.
इंडियन एयरलाइंस को अब किस नाम से जाना जाता है ?
(क) भारतीय
(ख) इंडियन
(ग) आर्यावर्त
(घ) भारतीय एयरलाइंस
उत्तर-
(घ) भारतीय एयरलाइंस

II. खाली स्थानों को उपयुक्त शब्दों से भरें

1. भारत में वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण ........ में किया गया ।
2. मार्मगाओ पत्तन ............. राज्य में है।
3. पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय .......... है।
4. सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग सं० ............. है।
5. चेन्नई एक ............. पत्तन है।
6. सदिया से घुबरी जल परिवहन मार्ग ....... नदी में है।

उत्तर-

1. 1953
2. गोवा
3. हाजीपुर
4. 7 (2369 किमी लम्बा)
5. प्राचीन कृत्रिम
6. ब्रह्मपुत्र ।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें (अधिकतम 50 शब्दों में)

प्रश्न 1.
स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग क्या है?
उत्तर-
स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग सड़क है। दिल्ली-कोलकाता मुंबई-चेन्नई को आपस में 6 लेन वाली सड़कों से जोड़ने वाला यह मार्ग देश में द्रुतगति से सामान को ढोने और आने-जाने की सविधा प्रदान करता है।

प्रश्न 2.
देश में वाय परिवहन की स्थिति का वर्णन करें। ।
उत्तर-
हवाई जहाज आसमान में उड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक की दूरी तय करती है इसलिए इन्हें हवाई साधन कहते हैं। पहले वायु परिवहन विशिष्ट लोगों के ही हाथ में था लेकिन 1953 में सरकार ने वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कर दिया। शुरुआत में एयर इंडिया की हवाई यात्राएँ देश से विदेशों तक जुड़ी थीं और इंडियन एयरलाइन्स (इंडियन) घरेलू एवं पड़ोसी देशों से जुड़ी हुई विमान सेवा थी। लेकिन आजकल हवाई सेवाएँ निजी कम्पनियों द्वारा भी चलाई जा रही हैं जो घरेलू और पड़ोसी देशों के लिए भी उपलब्ध है।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 3.
भारत में पहली रेलगाड़ी कब और कहाँ चली थी? नक्शे पर भी दर्शाइए।
उत्तर-
भारत में पहली रेलगाड़ी 16 अप्रैल, 1853 को मुम्बई से थाणे चली थी।




रेलमार्ग का नक्शा

प्रश्न 4.
पाइप लाइन परिवहन क्या है ? उदाहरण दीजिए।
उत्तर-
पाइप लाइन परिवहन जमीन के अंदर बिछाई गई पाईप लाइनें हैं, जिनकी मदद से पेट्रोलियम पदार्थ, जल, गैस आदि एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाई जाती है। जैसे-बिहार के बरौनी, उत्तर प्रदेश के मथुरा, हरियाणा के पानीपत में स्थापित तेलशोधक कारखानों में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति ऐसे ही पाइप लाइनों के जरिये होती है।

प्रश्न 5.
देश के तीन राष्ट्रीय आंतरिक जल परिवहन का उल्लेख कीजिए।
उत्तर-
भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल के हल्दिया से इलाहाबाद तक गंगा नदी में, सदिया से घुबरी ब्रह्मपुत्र नदी में, दक्षिण भारत में केरल के तटीय नहर कोट्टापुरम् से कोल्लम को राष्ट्रीय आंतरिक जलमार्ग घोषित किया गया है।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें । (अधिकतम 200 शब्दों में)


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
परिवहन एवं यातायात के साधन राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। क्यों? स्पष्ट कीजिए।
उत्तर-
“एक स्थान से दूसरे स्थान तक व्यक्तियों या वस्तुओं को. पहुँचाना-लाना परिवहन कहलाता है।” यह सड़क मार्ग, रेल मार्ग, हवाई मार्ग, जल मार्ग से होता है। यह विभिन्न प्रकार के वाहनों से संभव हो पाता है। रेल यात्रा समाप्त करके स्टेशन से बाहर निकलने पर हम पाते हैं कि गंतव्य तक पहुँचने के लिए रिक्शा, ऑटोरिक्शा, टमटम, कारें, जीप, बस इत्यादि मिलती हैं। ये सभी वाहन हमें या सामानों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने में मदद करती हैं। ये सभी भूमि पर चलते हैं इसलिए स्थलीय परिवहन के साधन हैं।

वहीं दूसरी ओर हवाई जहाज आसमान में उड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक की दूरी तय करती हैं इसलिए इन्हें हवाई साधन कहते हैं। नावें, स्टीमर, जहाजें पानी में चलकर गंतव्य तक पहुँचती हैं। इसलिए उन्हें जल परिवहन के साधन कहते हैं। बिना इन साधनों के आवागमन संभव नहीं है। इसलिए परिवहन एवं यातायात के साधन राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं।

प्रश्न 2.
देश में परिवहन के कौन-कौन से साधन विकसित हैं ? प्रत्येक का
संक्षिप्त वर्णन करें।
उत्तर-
देश में परिवहन के चार साधन विकसित हैं

1. सड़क परिवहन
2. रेल परिवहन
3. पाइप लाइन
4. वायु परिवहन
5. जल परिवहन

(i) सड़क परिवहन सड़कें परिवहन का एक मुख्य साधन है। हम स्कूल आने, प्रखंड जाने, जिला मुख्यालय जाने में सड़क का उपयोग करते हैं। अपने देश की सड़कों को उनकी उपयोगिता और क्षमता के आधार पर विभिन्न प्रकारों में बाँटा गया है। इसी आधार पर उनकी देखरेख की जाती है।

(ii) रेल परिवहन-रेल परिवहन यात्रियों एवं माल ढुलाई का प्रमुख साधन है। यह देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठान है जिसमें लगभग 16 लाख कर्मचारी काम करते हैं। देश में रेलवे को प्रशासनिक सुविधा के लिए 16 मंडलों में बाँटा गया है जिस पर रेलवे बोर्ड नियंत्रण रखता है। बिहार के हाजीपुर में पूर्व मध्य रेलवे का मंडल कार्यालय अवस्थित है। रेलवे समय-समय पर देश के अन्दर अनेक तीर्थ स्थानों को जोड़ने वाली ट्रेनें भी चलाती हैं।

(iii) पाइप लाइन हममें से कोई भी इस परिवहन का उपयोग नहीं करता । यह जमीन के अन्दर बिछाई गई पाईप लाइनें होती हैं, जिनकी मदद से पेट्रोलियम पदार्थ, जल, गैस आदि एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाई जाती है। इन पाइप लाइनों को बिछाने में प्रारंभिक खर्च तो बहत ज्यादा आता है लेकिन इसके रख-रखाव में कम दिक्कतें होती हैं। इस परिवहन में बाधाएँ भी कम आती हैं और समय भी कम लगता है, साथ ही परिवहन में सामग्री का नुकसान भी कम होता है। इसलिए धीरे-धीरे परिवहन का यह मार्ग सस्ता होता जाता है।


https://www.evidyarthi.in/

(iv) वायु परिवहन हेलीकॉप्टर, जेट ये सभी वायु परिवहन के अन्तर्गत आते हैं। परिवहन के साधनों में ये सबसे द्रुतगामी के साधन हैं। यद्यपि यह महँगा है, फिर भी दुर्गम क्षेत्रों में भी आसानी से और आरामदायक ढंग से पहँचा जा सकता है। पहले वाय परिवहन विशिष्ट लोगों के ही हाथ में था, लेकिन 1953 में सरकार ने वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण कर दिया ।

(v) जल परिवहन -आंतरिक जल-परिवहन देश के अन्दर नदियों के जल में जहाजों का परिचालन किया जाता है और यात्री व माल की ढुलाई की जाती है। देश के अन्दर लगभग 15 हजार किलोमीटर नौसंचालन जलमार्ग है।

प्रश्न 3.
भारत में जल परिवहन की स्थिति का विवरण दीजिए।
उत्तर-
जल परिवहन दो प्रकार के होते हैं –

पहला आंतरिक जल परिवहन और दूसरा समुद्री जल परिवहन । आंतरिक जल-परिवहन देश के अन्दर नदियों के जल में जहाजों का परिचालन किया जाता है और यात्री व माल की ढुलाई की जाती है। देश के अन्दर लगभग 15 हजार किलोमीटर नौसंचालन जलमार्ग हैं। भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल के हल्दिया से इलाहाबाद तक गंगा नदी में, सदिया से घुबरी ब्रह्मपुत्र नदी में, दक्षिण भारत में केरल के तटीय नहर कोट्टापरम से कोल्लम को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया है। गोदावरी, कृष्णा, सुंदरवन आदि महत्त्वपूर्ण आंतरिक जलमार्ग हैं। मैंने पटना में भी गंगा नदी में मालवाहक जहाज देखा है । पूर्वी पटना में गंगा तट पर राजेन्द्र प्रसाद अन्तर्देशीय जलपरिवहन टर्मिनल है।

समुद्री जल परिवहन भारत की लगभग साढ़े सात हजार किलोमीटर लंबी समुद्री तट बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के साथ लगी हुई है । इन समुद्र तटों पर 12 प्रमुख बड़े बंदरगाह और कई छोटे और मंझोले पत्तन हैं जिनसे अंतर्राष्ट्रीय परिवहन सुलभ होता है।


https://www.evidyarthi.in/